an>

Title: Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Koderma Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं झारखंड के कोडरमा संसदीय क्षेत्र से आता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र कोडरमा में तीन जिले - कोडरमा, गिरिडीह और हज़ारीबाग ज़िले के कुछ भाग आते हैं। मुझे बड़े खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी इन तीनों ज़िलों में अभी तक इस क्षेत्र में कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं खुला है। झारखंड राज्य का खासकर ग्रामीण क्षेत्र शिक्षा के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूँ कि हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ज़िलों में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की कृपा करें। साथ ही मैं आपसे अनुरोध करके कहना चाहता हूँ कि केन्द्र सरकार इस विषय पर विचार करे कि क्या देश के हर ज़िले में एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने पर विचार नहीं कर सकती है ताकि यह समस्या और मांग उठनी ही बंद हो जाए और इसकी ज़रूरत नहीं रह जाए। इसलिए मैं पुनः एक बार सरकार से मांग करता हूँ कि देश के हर ज़िले में केन्द्रीय विद्यालय खोलने पर सरकार विचार करे।